प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 25.05.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा आपरेशन सिंदूर केवल सैन्य मिशन नहीं हैं बल्कि राष्ट्र का संकल्प और साहस है।
2. प्रधानमंत्री ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत में बने उपकरणों और तकनीक की शक्ति देख पूरे देश में वोकल फॉर लोकल को लेकर एक नई ऊर्जा दिखाई दे रही है।
3. लोक सभा अध्यक्ष ओम बिड़ला पहुंचे रांची, कहा भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष का परिणाम है कि आज जनजातीय समाज अपने आप को गौरवान्वित महसूस करता है।
4. केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि जमा पर 8 दशमलव दो पांच प्रतिशत ब्याज दर की

   स्वीकृति दी।
5. राज्य के कई जिलों में आज गर्जन और तेज हवाओं के साथ हो रही है बारिश, मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट।

************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया भर में आतंकवाद से लड़ाई में नए उत्साह का संचार किया है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में राष्ट्र को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सशस्त्र बलों के साहस की प्रशंसा की। उन्होंने उस सटीकता की भी सराहना की जिससे सेना ने सीमापार आतंकियों के ठिकानों को नष्ट किया। उन्होंने कहा कि पूरा देश आज आतंकवाद से लड़ाई में एकजुट और प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि आपरेशन सिंदूर केवल सैन्य मिशन नहीं हैं बल्कि राष्ट्र का संकल्प और साहस है।

प्रधानमंत्री ने कहा, हमारे सैनिकों ने आतंक के ठिकानों को नष्ट कर दिया; यह उनका अदम्य साहस था, साथ ही भारत में बने हथियारों, उपकरणों और तकनीक की शक्ति भी थी।

प्रधानमंत्री ने पेपर वेस्ट और रिसाईकिलिंग के बारे में भी देशवासियों को जागरूक किया। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, ड्रोन दीदी, सीबीएसई की अनोखी पहल और सुगर बोर्ड जैसी बातों की भी चर्चा की।

************************

लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर आज रांची पहुंचे। रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का भव्य स्वागत किया गया। श्री बिरला ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने जल जंगल जमीन और संस्कृति की रक्षा के लिए संघर्ष किया था।

************************

आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की जबरदस्त सफलता के उत्साह के बीच समग्र राष्ट्र, भारतीय जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता के रूप में आकाशवाणी समाचार विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। आज हम 1965 के भारत –पाकिस्तान युद्ध में सर्वोच्च बलिदान देने वाले परमवीर चक्र विजेता लेफ्टिनेंट कर्नल अर्देशिर बुर्जोरजी तारापोर का स्मरण कर रहे हैं।

************************

कोडरमा के झुमरी तिलैया शहर को सीसीटीवी कैमरा से लैस कर दिया गया है। कोडरमा पुलिस और चेंबर ऑफ कॉमर्स के संयुक्त प्रयास से शहर के 38 प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे इंस्टॉल किए गए हैं।

उद्घाटन के मौके पर एसपी अनुदीप सिंह ने कहा कि फिलहाल शहर के 38 प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, इसके अलावे छूटे हुए स्थान पर भी जल्द सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, ताकि अपराध पर नियंत्रण के साथ अपराधियों की धर पकड़ में सुविधा हो सके।

***********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 89 हजार पांच सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख चार हजार रुपये प्रति किलो है।

***********************

केन्द्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि जमा पर आठ दशमलव दो–पांच प्रतिशत ब्याज दर की स्वीकृति दे दी है। इससे देश के सात करोड़ अंशदाता कर्मचारियों को लाभ होगा। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के केन्द्रीय ट्रस्टी बोर्ड ने इस ब्याज दर की सिफारिश की थी। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने महत्वपूर्ण संचालनगत उपलब्धि भी हासिल की है। वित्तीय वर्ष 2024–25 में 6 मार्च तक रिकॉर्ड दो करोड़ 16 लाख दावों का डिजिटली स्वतः निपटान हुआ।

***********************

रामगढ़ जिले मे जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा स्कूली बच्चों के साथ भारत स्काउट और गाइड के बच्चों को कानूनी जानकारी दी गई।

***********************

बोकारो की कांग्रेस विधायक श्वेता सिंह के तीन वोटर कार्ड और दो पैन कार्ड रखने के मामले में जेडीयू विधायक सरयू राय ने कहा है कि इस विषय में निर्णय चुनाव आयोग को लेना है।

***********************

गिरिडीह जिले में ताराटांड़ थाना क्षेत्र में भेलपहरी के समीप अहले सुबह एक सड़क दुर्घटना में दो चालकों की मौत हो गई। एसडीपीओ जीत वाहन उरांव ने बताया कि पुलिस ने एक घायल को अस्पताल भेजा। इस घटना में 7 पशुओं की भी मौत हो गई है। एक चालक की पहचान की गई है जबकि दूसरे की पहचान की जा रही है।

***********************

झारखंड में इस बार मानसून तीन से पांच जून के बीच पहुंचने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र ने इसके संकेत देते हुए कहा है कि इसका प्रवेश कोल्हान और संताल के रास्ते हो सकता है। सब कुछ अनुकूल रहा तो 15 जून तक यह पूरे राज्य को कवर कर लेगा। मौसम विभाग के अनुसार आज राज्य के कई जिलों में गर्जन और तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने इसे देखते हुए येलो अलर्ट भी जारी किया है।

***********************